INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT AUTHORITY

(A GOVT.OF BIHAR UNDERTAKING)

1st Floor, Udyog Bhawan, East Gandhi Maidan, Patna.

Email- md@idabihar.com Website-www.idabihar.com, Phone : 0612 - 2675933, 2675935, Fax- 2675934

नियुक्ति हेतु विज्ञापन – 90/Notice/IDA/22

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आई0डी0ए0), बिहार सरकार का एक उपक्रम है। प्राधिकार का मुख्यालय पटना में अवस्थित है। आई0डी0ए0 बिहार राज्य के आधारभूत संरचना के विकास यथा सड़कों, भवनों, स्वास्थ्य, सिचाई, जल प्रबंधन हेतु संकल्पित है। आई0डी0ए0 जन निजी साझेदारी (पी0पी0पी0) हेतु राज्य सरकार की एक नोडल एजेंसी है।

Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment 2022–23 के तहत **आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार निम्न पदों के लिए राज्य सरकार से सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियन्ता अथवा ऊपर के स्तर के पदाधिकारियों से अनुबंध पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:–**

Sl. No.	Name of the Post	Category wise no. of posts	Remuneration per month	Qualification
1.	Executive Engineer (Tech)	UR – 01 EBC – 01 UR (Female) – 01	As per scale	B.Tech/BE (Civil) with at least 10 years of experience

सामान्य निर्देश :–

1. अनुबंध की अवधि अधिकतम 01 वर्ष की होगी तथा किसी भी परिस्थिति में अवधि विस्तार नहीं किया जाएगा।
2. अनुबन्ध पारिश्रमिक सभी भत्ते (15 प्रतिशत मकान किराया भत्ता) सहित है।
3. सभी पद व्यवसाय निषेध (नन प्रैक्टिसिंग) है।
4. आवश्यकता अनुसार एक से अधिक रिक्तियाँ होने पर बिहार सरकार की आरक्षण नीति लागू होगी।
5. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण पत्र की प्रति आवेदन के साथ देना अनिवार्य होगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है।
6. सेवा निवृत्त कर्मियों के लिए अधिकतम आयु दिनांक 22.12.2022 को 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
7. संविदा पर नियोजित सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन+सेवानिवृत्ति के समय अंतिम वेतन पर प्राप्त महँगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि+सेवानिवृत्ति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त महँगाई राहत की राशि को घटाने के बाद जो राशि प्राप्त होगी वही होगा। मासिक मानदेय की यह राशि उक्त सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी।
8. आवेदन के पश्चात् Shortlisted Candidates का साक्षात्कार/लिखित परीक्षा ली जा सकती है।
9. **अनारक्षित (महिला) UR (F) के पद हेतु उम्मीदवार नहीं पाये जाने की स्थिति में पुरूष उम्मीदवार का चयन किया जा सकेगा। अतः उक्त पद हेतु पुरूष उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।**
10. सुस्पष्ट आवेदन पत्र जिसका प्रारूप प्राधिकार के बेवसाईट लिंक (https://www.idabihar.com/application-form/) पर उपलब्ध है एवं वांछित प्रमाण पत्र यथा पी0पी0ओ0, स्व–अभिप्रमाणित आयु प्रमाण पत्र, योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्रों की scanned copy के साथ ई0मेल के माध्यम से ida-bihar@gov.in पर **दिनांक 22.12.2022 को 4:00 बजे** अपराह्न तक पहुँच जाना चाहिए।
11. अपूर्ण आवेदन पत्र एवं आवेदन जिनमें आकड़े पूर्ण न हो अथवा आयु/योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न न हो तथा अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन वैसे आवेदन को प्राधिकार रद्द करने हेतु सक्षम है।
12. आई0डी0ए0 के पास किसी भी आवेदन को बिना कोई सूचना दिये रद्द् करने का अधिकार है। इस संबंध में प्रबन्ध निदेशक का निर्णय अन्तिम होगा।
13. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय का अधिकार क्षेत्र पटना होगा।

निदेशक (प्रशासन)